Bihar Police SI Eligibility Criteria

बिहार एसआई परीक्षा बिहार पुलिस अधीनस्थ सेवा आयोग (बीपीएसएससी) द्वारा बिहार पुलिस में सब इंस्पेक्टर (एसआई) के पद के लिए उम्मीदवारों की भर्ती के लिए आयोजित एक प्रतियोगी परीक्षा है। परीक्षा नियमित आधार पर आयोजित की जाती है, और अधिसूचना बीपीएसएससी की आधिकारिक वेबसाइट पर जारी की जाती है।

उम्मीदवारों की शैक्षणिक योग्यता

उम्मीदवारों के पास किसी भी संकाय में मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक परीक्षा या राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त उसके समकक्ष परीक्षा पास होना अनिवार्य हैं।

बिहार एसआई चयन प्रक्रिया

बिहार दरोगा परीक्षा के लिए चयन प्रक्रिया में तीन चरण शामिल हैं:

- प्रारंभिक परीक्षा
- मुख्य परीक्षा
- शारीरिक दक्षता परीक्षा (पीईटी)

बिहार दरोगा परीक्षा के पाठ्यक्रम में सामान्य ज्ञान, करंट अफेयर्स, सामान्य विज्ञान, तर्कशक्ति, गणित जैसे विषय शामिल हैं।

चरण - 1: बिहार एसआई प्रारंभिक परीक्षा पैटर्न

यह परीक्षा सिर्फ क्वालीफाइंग प्रकृति का होता है। जिसमें की बहुविकल्पीय प्रश्न होते हैं। बिहार एसआई के लिए प्रारंभिक परीक्षा दो घंटे की होती है, और इसमें प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 0.2 अंक की नकारात्मक अंकन भी शामिल हैं।

For PT Exam			
Subjects	**Time**	**Marks**	**No. of Question**
इतिहास, भूगोल भारतीय संविधान, अर्थव्यवस्था, सामान्य विज्ञान, करंट अफेयर्स, गणित, तर्कशक्ति	2 Hr	200	100

चरण - 2: मुख्य परीक्षा

यह परीक्षा चयन प्रक्रिया का दूसरा चरण होता है, जिसमें दो पेपर होते है। दोनों पेपर की अवधि दो-दो घंटे की होती हैं। मुख्य परीक्षा का पैटर्न निम्नलिखित है:

Subjects		Time	Marks	No. of Question
पेपर 1	हिंदी	2 Hr	200	100
पेपर 2	इतिहास,भूगोल भारतीय संविधान, अर्थव्यवस्था, सामान्य विज्ञान, करंट अफेयर्स, गणित, तर्कशक्ति	2 Hr	200	100

नोट :- बिहार एसआई के मुख्य परीक्षा में पेपर 1 हिंदी सिर्फ क्वालीफाइंग प्रकृति का होता है। जिसमें की बहुविकल्पीय प्रश्न होते हैं। पेपर 2 के मार्क्स के आधार पर उम्मीदवारों को अंतिम रूप से चयनित किया जाता है। इसमें प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 0.2 अंक की नकारात्मक अंकन भी शामिल हैं।

चरण -3: शारीरिक दक्षता परीक्षा (PET)

बिहार एसआई के पद के लिए, उम्मीदवार को कुछ शारीरिक आवश्यकताओं को पूरा करने की आवश्यकता होती है जिसके लिए नीचे दी गई तालिका देखें:

पुरूषों के लिए		
PET	**Gen/Obc**	**St/Sc**
Height	165 Cm	160 Cm
Weight	N.A.	N.A.
Running	1.6 Km in 6:30 मिनट	1.6 Km in 6:30 मिनट
Chest	81-86 Cm	79-84 Cm
High Jump	4 Feet	4 Feet
Long Jump	12 Feet	12 Feet
Shot Put Throw	16 Feet with 16 Pounds of Ball	16 Feet with 16 Pounds of Ball
महिलाओं के लिए		
PET	**Gen/Obc**	**St/Sc**
Height	155 Cm	155 Cm
Weight	48 Kg	48 Kg
Running	1 Km in 06:00 मिनट	1 Km in 06:00 मिनट
Chest	N.A.	N.A.
High Jump	3 Feet	3 Feet
Long Jump	09 Feet	09 Feet
Shot Put Throw	10 Feet with 12 Pounds of Ball	10 Feet with 12 Pounds of Ball

आयु सीमा

उम्मीदवारों की आयु सीमा न्यूनतम 21 वर्ष और अधिकतम आयु 42 वर्ष होनी चाहिए। नीचे पुरुष और महिला दोनों श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए विस्तृत आयु सीमा दी गई है।

श्रेणी	पुरुष	महिला
Gen	20 – 37 Years	20 – 40 Years
EWS	20 – 37 Years	20 – 40 Years
BC/EBC	20 – 40 Years	20 – 40 Years
SC/ST	20 – 42 Years	20 – 42 Years

नोट:- उपरोक्त जानकारियां बिहार एसआई की विज्ञापन संख्या 03/2020 के आधार पर हैं। विस्तृत जानकारी के लिए कृपया बिहार एसआई के आने वाले विज्ञापन का इंतजार करें।